M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
# दैनिक धनुष धारी
संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-31, अंक 242, उल्हासनगर, शनिवार 7 सितंबर, 2024 ( पृष्ठ 6 ) | Mob. No. 9325937797 | E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com | Post Regd No.THC/111/2024-2026 RNI No. 68359/93,

dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com

## रीजेंसी ग्रुप का अनमोल धार्मिक उपहार

### रीजेंसी एंटीलिया में भव्य मंदिर व गुरुद्वारे का संतों के हाथों उद्घाटन

उल्हासनगर (नि.स.)। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध रियल एस्टेट समूह रीजेंसी ग्रुप के सीएमडी महेश अग्रवाल, निर्देशक उद्धव रूपचंदानी व अनिल बठिजा द्वारा उल्हासनगर के पास शहाड़ में बनाए गए भव्य आवासीय प्रोजेक्ट 'रीजेंसी एंटीलिया तथा रीजेंसी अवाना' के रहवासियों के साथ-साथ पुरे शहर को एक भव्य व सुंदर गुरुद्वारे, विशाल मंदिर तथा सत्संग हॉल के रूप में अनमोल धार्मिक सौगात दी गई है। समाज के प्रति अपनी गहरी धार्मिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी को समझते हुए रीजेंसी ग्रुप ने खूबसूरत मंदिर और गुरुद्वारा दोनों का निर्माण किया है। यह धार्मिक स्थल न केवल निवासियों के लिए आध्यात्मिक संतोष और शांति का स्रोत हैं, बल्कि आवासीय परिसर की सांस्कृतिक समृद्धि को भी बढ़ावा देते हैं। रीजेंसी ग्रुप की यह पहल धार्मिक विविधता और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करती है, जिससे सभी निवासियों को एक सकारात्मक और सहयोगात्मक जीवन अनुभव प्राप्त होगा।

बताते चले कि रीजेंसी एंटीलिया परिसर में बनाए गए मंदिर का उद्घाटन गुरुवार 5 सितंबर को सुबह धुमधाम से किया गया तथा गुरुद्वारे का उद्घाटन के अवसर पर अखंड पाठ साहिब भोग समारोह शुक्रवार 6 सितंबर को सुबह 10 बजे से नए गुरुद्वारे में आयोजित किया गया। इस उपलक्ष में गुरूद्वारे में महान कीर्तन दरबार का भी आयोजन किया गया जिसमें पंथ के महान रागी भाईसाहब चमनजीत सिंह जी लाल ने संगत को गुरबानी कथा और कीर्तन से निहाल किया। इससे पहले मंगलवार शाम को रीजेंसी एंटीलिया के मुख्य द्वार पर नगर कीर्तन और गुरुसाहेब प्रभु का प्रवेश कार्यक्रम हुआ। रीजेंसी ग्रुप के सीएमडी व समाजसेवी महेश अग्रवाल, निर्देशक उद्धव रूपचंदानी, अनिल बठिजा, विधायक कुमार आयलानी आदि गणमान्यों ने इस दौरान रीजेंसी एंटीलिया के सैकड़ों परिवार के सदस्यों और निवासियों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में आस्था और भक्ति के साथ भाग लिया। रीजेंसी एंटीलिया में मंदिर और गुरुद्वारा के निर्माण से एंटीलिया में रहने वाले लोगों में खुशी का माहौल है। मंदिर व गुरुद्वारे की पहल से न केवल क्षेत्र की धार्मिक पहचान को मजबूत करने बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर में भी एक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आए हुए सभी अतिथियों ने रीजेंसी ग्रुप के सीएमडी महेश अग्रवाल की सरहाना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं श्री अग्रवाल द्वारा संतों व सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## पूज्य चालिहा साहेब मंदिर में भव्य मटकी मेला सोमवार को

उल्हासनगर (नि.स.)। सिंधी समुदाय के चालीस दिवसीय अखंड ज्योती महोत्सव चालिया पर्व का सोमवार 9 सितंबर को मटकी और 10 सितंबर को पल्लव के साथ समापन होगा। चालिहा व्रत के दौरान सिंधी समाज चालीस दिनों तक व्रत-उपवास रखकर पूजा-अर्चना के साथ सुबह-शाम भगवान झूलेलाल कथा का श्रवण भी करते हैं. इस महोत्सव में झूलेलाल मंदिरों को विशेष रूप से सुसज्जित किया जाता है तथा मंदिरों में कथा, आरती, भजन-कीर्तनों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन रहता है, दीप प्रज्वलन होते हैं. मटकी और बहराणा साहेब का आयोजन भी होता है. जीवन को सुखी बनाने एवं लोक कल्याण के लिए यह व्रत महोत्सव मनाया जाता है।

भगवान झूलेलाल के इस पर्व में जल की आराधना की जाती है, यह सिंधी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है. ऐसा माना जाता है कि इन दिनों भगवान झूलेलाल वरूणदेव का अवतरण करके अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं. जो भी लोग चालीस दिन तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं उनके सभी दुख दूर हो जाते हैं. सिंधी समुदाय का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन भगवान झूलेलाल का चालिया महोत्सव ही माना जाता है. सोमवार 9 सितंबर को मटकी मेले का आयोजन सन्तों महात्माओं के सानिध्य में होगा। विश्वभर में प्रसिद्ध इस मंदिर में मटकी मेले में हजारों-लाख भक्त सिर पर मटकी रखकर जल देवता की पूजा कर मटकी को जल में प्रवाहित करेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे भगवान झूलेलाल साईं के दर्शन करने चालिहा साहेब मंदिर में आयोजित मटकी मेले में पहुंचेगे, ऐसी जानकारी मिली है। महिलाओं की मटकी रस्म का आयोजन सुबह 9 बजे से 3 बजे तक का किया गया है जिसके बाद पुरुषों की मटकी रस्म होगी। इसके बाद 10 सितंबर को पल्लव साहेब की प्रथा के साथ चालिया पर्व का समापन किया जाएगा। इस दिन सबकी खुशहाली के लिए पल्लव पहना जाता है।

**भाऊ परसराम झूलेलाल मंडली का कार्यक्रम आज**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उल्हासनगर कैंप 5 स्थित पूज्य चालिहा साहेब मंदिर में भाऊ परसराम झूलेलाल मंडली द्वारा भाऊ लीलाराम साहेब के मार्गदर्शन में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज शनिवार 7 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम महेंद्र मूलचंदानी, कमल फ्रूट वाला व समस्त मण्डली द्वारा सेवाएं दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम रात 9 बजे से आरंभ होगा जिसमें भक्ति, कीर्तन तथा लाल साईं के बेहराना साहेब का आयोजन किया गया है। भाऊ परसराम झूलेलाल मंडली द्वारा सभी शहरवासियों को कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान झूलेलाल साईं का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।

**मटकी मेले के दिन शिवसेना द्वारा निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उल्हासनगर शहर शिवसेना द्वारा चालिहा महापर्व के समापन के दिन यानि सोमवार 9 सितंबर को मटकी साहेब महोत्सव पर झूलेलाल भक्तों की सहूलियत के लिए पूज्य चालिहा साहेब मंदिर उल्हासनगर 5 में आने-जाने के लिए उल्हासनगर एक बस स्टॉप से उल्हासनगर पांच पूज्य चालीया साहेब मंदिर तक निःशुल्क बस सेवा आयोजित की गई जहां भक्तों की सेवा के लिए 10 बसों की व्यवस्था की गई है। सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे के आदेश पर महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी द्वारा उक्त निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है।

## गणेशोत्सव के मौके पर रात 12 बजे तक जारी रहेगी मेट्रो सेवाएं

मुंबई (नि.सं.)। महामुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) ने गणेशोत्सव के दौरान अतिरिक्त समय तक मेट्रो ट्रेन सेवा चलाने का निर्णय लिया है। एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त और महा मुंबई मेट्रो के अध्यक्ष बीएचपीआईएस के संजय मुखर्जी ने इसकी घोषणा की. उन्होंने त्यौहारी सीजन के दौरान यात्रियों की इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए परिवहन सेवाओं को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। गणेशोत्सव के दौरान देर रात यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई. इसे ध्यान में रखते हुए, 11 सितंबर से 17 सितंबर, 2024 तक अंधेरी (पश्चिम) और गुंदवली दोनों टर्मिनलों से आखिरी मेट्रो ट्रेन रात 11 बजे के बजाय 11.30 बजे प्रस्थान करेगी। इस विस्तारित सेवा का उद्देश्य देर रात तक गणेशोत्सव में भाग लेने वाले भक्तों को उनके घर तक पहुंचने में सक्षम बनाना है।

## दो रिक्शा चालकों ने की ट्रैफिक पुलिस कर्मी की जमकर पिटाई

उल्हासनगर (नि.सं.)। कैंप 3 ओटी सेक्शन शाहू महाराज पुल के नजदीक एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर दो रिक्शा चालकों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर में एक रिक्शा चालक नशे में था और ट्रैफिक पुलिस कर्मी व उनके बीच कुछ कहासुनी हो रही थी। इस मामले में पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मी के साथ हाथापायी करने वाले सुनील राजाराम राजानी (43), मनोज अशोक व एक अन्य फरार आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने आरोपी रिक्शा चालक से रास्ते में खड़ी रिक्शा हटाने को कहा, जिस पर रिक्शा चालक भड़क गया और पाटील को धक्का देकर थप्पड़ मार दिया. विवाद के बीच एक और रिक्शा चालक ने पुलिस पर हमला किया. ट्रैफिक वार्डन सतिश ने बीच बचाव करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस नाईक चौहान ने मौके पर पहुंचकर एक रिक्शा चालक को पकड़ लिया और सेंट्रल पुलिस को इस बारे में जनकारी देकर सूचित किया. सेंट्रल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रिक्शा चालक सुनील राजाराम राजानी (43) और मनोज अशोक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### प्रतिष्ठित लोगों से दान लेकर खड्डे भरने की विभिन्न एनजीओ की मुहिम

## नीव ओमी कालानी ने भी दिया श्रम दान

उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर में हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन तथा राष्ट्रीय छावा संघटना द्वारा कई अन्य सामाजिक संस्थाओं से मिलकर शहर में जगह-जगह पर सड़कों पर खड्डों के विषय में गहरी नींद में सोयी शाशन-प्रशासन को नींद से जगाने के लिए एक अनोखी मुहिम शुरू की गई है जहां सत्यन पूरी, मौंटी पूरी, निखिल गोले तथा सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों व नेताओं के पास जाकर खड्डों को भरने के लिए दान मांगा और दान मिले पैसों से खुद उन खड्डों को भरकर श्रमदान किया। इसी क्रम में उल्हासनगर पूर्व को पश्चिम से जोड़ने वाले फ्लाईओवर को गणेश आगमन से पहले खड्डा मुक्त करने की नागरिकों की मुहिम में पहुंचकर और श्रम दान देकर टीओके प्रमुख ओमी कालानी के सुपुत्र नीव ओमी कालानी ने भी श्रमदान दिया। इससे उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि समाज सेवा और समाज हित का काम करने के लिए उम्र ज़रूरी नहीं बल्कि इच्छाशक्ति ज़रूरी है।

## सजा बप्पा का दरबार, दस दिन मचेगी धूम बाजारों में उमड़ी भक्तों की भीड़

उल्हासनगर (नि.स.)। महाराष्ट्र का सबसे बड़ा त्यौहार गणेशोत्सव आज शनिवार से शुरू हो रहा है. इसके मद्देनजर बप्पा का दरबार सज चुका है. उल्हासनगर में भी हजारों की संख्या में लोगों के घरों व कार्यालय में बप्पा श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की जानी है। ऐसे में लोग बड़ी संख्या में शहर के मुख्य बाजारों में खरीदारी करने पहुंच कर रहे है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बरसात भी गणेशोत्सव की तैयारियों को लेकर भक्तों की उत्सुकता को फीका नहीं कर पा रही है। भारी बारिश के बावजूद लोगों की भीड़ बाजारों में बनी रही जिससे कि व्यापारियों के चेहरों पर भी मुस्कुराहट नजर आयी। साथ ही कई सार्वजानिक गणेश मंडलों द्वारा बाप्पा श्री गणेश का स्वागत भव्य आगमन सोहळा के साथ किया गया।

अब दस दिनों तक गणपति उत्सव की धूम मचने वाली है. आम से खास तक यानि हर कोई बाप्पा की आवभगत और आराधना में लीन रहेंगे. उधर पुलिस प्रशासन ने भी गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं. चप्पे चप्पे पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. ज्ञात हो कि परिमंडल 4 में करीबन 250 से अधिक सार्वजानिक व 45,000 से अधिक घरगुती गणपति प्रतिमा की स्थापना की जाने वाली है

## सिबिल स्कोर बढ़ाने के नाम पर लीना कुकरेजा से धोखाधड़ी

- उल्हासनगर 5 रहवासी रोहित कंजन समेत पांच के विरुद्ध मामला दर्ज
- ऑनलाइन फ्रॉड व धोखाधड़ी प्रकरण में रोहित को दुबई से संरक्षण?



उल्हासनगर (नि.स.)। कल शुक्रवार 6 सितंबर के अंक में दैनिक धनुषधारी द्वारा उल्हासनगर शहर में सक्रिय साइबर जालसाजों के बड़ा रैकेट की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी जिसमें दमन के एक व्यक्ति को शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का लालच देकर उसके साथ 73 लाख की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के उल्हासनगर व अंबरनाथ कनेक्शन की भी बात सामने आयी थी। उल्हासनगर, अंबरनाथ व आस पास के शहरों में साइबर फ्रॉडस्टर किस प्रकार भोले भाले व जरूरतमंद लोगों को गुमराह कर उनके नाम पर बैंक अकाउंट बनाकर अन्य राज्यों में ऑनलइन ठगी कर रहे है उसको उजागर करने वाला ऐसा ही एक मामला अंबरनाथ में सामने आया है।

ज्ञात हो कि दमन रहवासी भंदेश पटेल ने जिस साईं मेरे ट्रेडर्स नाम के बैंक अकाउंट में पैसे डाले थे वो अंबरनाथ रहवासी लीना कुकरेजा के नाम पर है। इस मामले में बैंक अकाउंट के जरिए लीना को उनके ही पड़ोसी व बचपन की मित्र द्वारा फसाने की जानकारी सामने आयी है। दरअसल अंबरनाथ के पालेगांव में रहने वाली लीना कुकरेजा ने 4 सितंबर को शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन थाने में अनिल तीजरानी, कोमल तीजरानी, रोहित कंजन समेत पांच लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (2), 318(2), 318(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज करवाया है। अपनी शिकायत में लीना कुकरेजा ने पुलिस को बताया कि उनके पति अप्रैल महीने में काम के लिए साउथ अफ्रीका गए थे। इसी बीच घर पर अकेले रहते समय उनकी पड़ोसी तथा बचपन की दोस्त रिंकू उर्फ़ कोमल तीजरानी का उनके घर पर आना जाना और फ़ोन पर बातचीत रहती थी। जून 2024 में रिंकू और उनके पति अनिल उनके घर आए और उनसे कहा कि वो किराए के घर पर रहती है इसलिए उनका सिबिल स्कोर ख़राब है। अगर उन्हें कभी लोन की भी जरुरत हो तो सिबिल स्कोर बढ़ाना बेहद जरुरी है और उसके लिए बैंक अकाउंट खुलवाना पड़ेगा। तभी ही उसे बैंक लोन मिलेगा।

फिर्यादी लीना ज्यादा पढ़ी-लिखी न होने और रिंकू उनकी बचपन की मित्र होने के चलते उन्होंने उनपर विश्वास कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उनसे कहा कि बैंक खाता खोलने के लिए उनका एक परिचित मित्र है जोकि कोटक बैंक में काम करता है वो घर आकर ही बैंक खाता खोलकर देगा। इसके बाद 27 जून को अनिल तीरजानी व रिंकू के साथ दो लोग लीना के घर में आए। अनिल ने उनके साथ आए लोगों का परिचय कोटक बैंक के कर्मचारी के रूप में करवाया जिसके बाद उन्होंने लीना का पहचानपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो मांगा। उक्त दस्तावेज देने के बाद उन लोगों ने फिर्यादी से बैंक के कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिए और उनसे कहा कि उनका पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड उनके घर पर ही आ जाएगा। ऐसा बोलके वे चारों वहा से निकल गए।

15 दिन भीत जाने के बाद लीना कुकरेजा ने अपने बैंक अकाउंट खुलने के बारे में अनिल व रिंकू से कई बार पूछा पर उन्होंने उन्हें गोल मोल जवाब दिए। इसके कुछ दिन बाद उनके घर पर कोटक बैंक से उनके नाम पर एक नोटिस आया कि उनका खाता फ्रीज कर दिया गया है। इस बारे में अनिल से संपर्क करने पर अनिल उनके घर गया और नोटिस लेकर यह कहकर निकल गया कि वो नोटिस में क्या है वो पढ़कर उन्हें बताएगा। इसके बाद 31 अगस्त को उनके घर पर गुजरात पुलिस आयी और उन्हें एक मामले में पूछताछ के लिए 3 सितंबर को हाजिर होने का नोटिस देकर गई। इस दौरान गुजरात पुलिस द्वारा उन्हें बताया गया कि उनके दस्तावेजों के आधार पर 'साई मेरे ट्रेडर्स' नाम से नकली कागज़ और जीएसटी नंबर का इस्तमाल कर बैंक अकाउंट तैयार करके उसमे करीबन 2 करोड़ रुपए का व्यहवार किया गया है। इस संदर्भ में अनिल व कोमल तीरजानी से पूछने पर उन्होंने कहा कि रोहीत कंजन ने उनके नाम पर बैंक खाता बनाकर 2 करोड़ का व्यहवार किया है। जिसके बाद लीना ने पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया।

बताते चले कि लीना कुकरेजा के नाम पर बना 'साई मेरे ट्रेडर्स' उन्हीं बैंक अकाउंट में से एक है जिसमें दमन के व्यक्ति द्वारा शेयर बाजार में इंवेस्ट करने के लिए पैसे डाले गए थे जोकि उन्हें कभी वापस नहीं मिले। इसके साथ ही गुजरात पुलिस के लीना कुकरेजा को बैंक खाते में 2 करोड़ का व्यहवार का नोटिस देने से यह बात भी स्पष्ट हो रही है कि साइबर जालसाजों द्वारा गुजरात में भी ऐसा ही कोई धोखाधड़ी का कांड किया गया है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस पुरे रैकेट से जुड़े रोहित को दुबई से संरक्षण प्राप्त है। साथ ही उल्हासनगर 4 तथा 5 में कुछ लोग उससे जुड़े हुए है जिसके बारे में दैनिक धनुषधारी द्वारा जांच-पड़ताल की जा रही है। ऐसे में दुबई से तथा उल्हासनगर में रहकर देशभर में साइबर क्राइम कर रहे ऑनलाइन जालसाजों को कौन-कौन संरक्षण दे रहा है उसका पूरा खुलासा जल्द से जल्द किया जाएगा।

## संपादकीय

# लंबी उम्र की तमन्ना

सदियों से इंसानों की यह कोशिश रही है कि आयु को बढ़ने से कैसे रोक दिया जाए। आयु ही नहीं, बल्कि मृत्यु को भी टालने की तमन्ना आदि काल से बरकरार है। इसमें कोई शक नहीं है कि विगत एक सदी में इंसानों ने अपने जीवन को औसतन दोगुना लंबा कर लिया है। अभी भी अधिकतम 120 वर्ष की आयु तक लोग जीते पाए जाते हैं। उम्रदराज लोगों की संख्या दुनिया में बढ़ी है, पर चिकित्सकों के साथ ही अनेक वैज्ञानिकों की यह कोशिश भी जारी है कि आमतौर पर लोगों को जल्दी बूढ़ा होने से रोका जाए। बुढ़ापे को कैसे टाला जा सकता है, यह एक गहरे अध्ययन का विषय रहा है। हाल में जारी नेचर हिट्स द बुक्स के नवीनतम एपिसोड में नोबेल विजेता वेंकी रामकृष्णन ने उम्र बढ़ने की अंतर्निहित आणविक प्रक्रियाओं पर गहराई से प्रकाश डाला है और बताया है कि दीर्घायु की तलाश में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ज्यादा जीने के साथ ही अच्छा जीना भी आज दिलचस्प विषय है। अच्छी जीवन शैली, साफ परिवेश, शुद्ध खान-पान और चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने की अनिवार्यता का बढ़ना तय है। विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई की मदद से एक ऐसी मस्तिष्क घड़ी का निर्माण हुआ है, जो यह बता सकती है कि किसी व्यक्ति का मस्तिष्क उसकी आयु की तुलना में ज्यादा तेजी से बूढ़ा हो रहा है या नहीं। दरअसल, ज्यादा समय तक युवा रहने के लिए दिमाग का युवा रहना जरूरी है। यह खास घड़ी बताती है कि अधिक असमानता वाले देशों और लैटिन अमेरिकी मुल्कों में दिमाग तेजी से बूढ़ा होता है। इस शोध के प्रमुख लेखक और सैंटियागो में एडोल्फो इबनेज यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट ऑगस्टिन इबनेज कहते हैं कि जिस तरह से आपका मस्तिष्क बूढ़ा होता है, वह सिर्फ वर्ष से संबंधित नहीं है। यह इस बारे में भी बताता है कि आप कहां रहते हैं, क्या करते हैं, आपका सामाजिक-आर्थिक स्तर, आपके पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर कैसा है।' शोधकर्ता यह भी स्पष्ट करते हैं कि कोई भी देश, जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करना चाहता है, उसे संरचनात्मक विषमताओं को पहले दूर करना चाहिए। अगर किसी देश में कुछ अमीर हैं और ढेर सारे गरीब, तो उस देश में आयु ज्यादा नहीं बढ़ेगी। जिस देश में आय की समानता ज्यादा होगी, वहां के लोगों को लंबी जिंदगी नसीब होगी। यह खास रिपोर्ट नेचर मेडिसिन में भी प्रकाशित हुई थी और इसकी चर्चा स्वाभाविक ही ज्यादा हो रही है। ज्यादा जीना भला कौन नहीं चाहेगा? यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने दिमाग का इस्तेमाल कैसे कर रहे हैं। अगर आपका दिमाग नई-नई चीजों से लगातार जुड़ रहा है, तो उसका उत्तरोतर समृद्ध होते जाना निश्चित है। यह देखा गया है कि बढ़ती उम्र के साथ लोगों का दिमाग बदलता जाता है और उनके पसंदीदा विषयों में कमी आने लगती है। क्या इस प्रक्रिया को रोका जा सकता है? क्या दिमाग को ज्यादा समय तक युवा रखा जा सकता है? वैज्ञानिकों को ठोस समाधान के साथ सामने आना चाहिए। ध्यान रहे, यह शोध 15 देशों में किया गया है। इनमें मेक्सिको, कोलंबिया, पेरू, क्यूबा, ब्राजील, चिली, अर्जेंटीना जैसे लैटिन या कैरेबियन देश और चीन, जापान, अमेरिका, इटली, ग्रीस, तुर्की, ब्रिटेन, आयरलैंड शामिल हैं। इसमें करीब 5,306 लोगों ने भाग लिया है। ऐसे अध्ययन की भारत में भी जरूरत है। यहां भी लोग ज्यादा जीना चाहते हैं।

**संपादक,टीकम लालवानी**

# कोलकाता रेप-मर्डर केस ने एक बार फिर हमारी प्रशासनिक कमजोरियों को उजागर कर दिया, आखिर ऐसा कबतक?

**दिल्ली निर्भया बलात्कार हत्याकांड के लगभग 12 वर्ष बाद कोलकाता रेप-मर्डर केस की पुनरावृत्ति भारतीय जनतांत्रिक प्रशासनिक व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। वहीं, इन दोनों मामलों को जरूरत से ज्यादा तूल देने और अन्य समकक्ष घटनाओं की उपेक्षा करने में हमारे राजनेताओं और मीडिया की भूमिका भी संदेह के कठघरे में है। कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल में जिस तरह की राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं, उससे हर कोई भयभीत नहीं तो चिंतित अवश्य लग रहा है, क्योंकि यह सबकुछ भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले कोलकाता में घट रहा है, जिससे देर-सबेर हमारी संस्कृति भी अछूती नहीं बचेगी।**

**(कमलेश पांडे)**

आपने देखा होगा कि एक ओर तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कह चुकी हैं कि पश्चिम बंगाल में आग लगाने की साजिश हो रही है। अगर पश्चिम बंगाल जलेगा तो असम, पूर्वोत्तर राज्य, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे।

दिल्ली निर्भया बलात्कार हत्याकांड के लगभग 12 वर्ष बाद कोलकाता रेप-मर्डर केस की पुनरावृत्ति भारतीय जनतांत्रिक प्रशासनिक व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। वहीं, इन दोनों मामलों को जरूरत से ज्यादा तूल देने और अन्य समकक्ष घटनाओं की उपेक्षा करने में हमारे राजनेताओं और मीडिया की भूमिका भी संदेह के कठघरे में है। कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल में जिस तरह की राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं, उससे हर कोई भयभीत नहीं तो चिंतित अवश्य लग रहा है, क्योंकि यह सबकुछ भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले कोलकाता में घट रहा है, जिससे देर-सबेर हमारी संस्कृति भी अछूती नहीं बचेगी।

लिहाजा, सुलगता हुआ सवाल यह है कि आखिर में ऐसी बदसूरत घटनाएं कब तक थमेंगी? और यदि नहीं रुकेंगी तो फिर समकालीन संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की जरूरत ही क्या है? क्योंकि यह व्यवस्था सबके वेतन-भत्ते की गारंटी तो देता है, लेकिन किसी भी बड़ी या छोटी लापरवाही के बाद जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय नहीं करता है। यही वजह है कि सत्ताधारी वर्ग मजे में रहता है और जनता बिल्कुल अनाथ की मानिंद। इसलिए अकसर यह सवाल जेहन में उठता है कि आखिर में क्यों नहीं उस वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था पर विचार किया जाए, जहां इस तरह के जघन्य अपराध करने की हिमाकत ही कोई कर नहीं पाए। क्या यह संभव है? नई विश्व व्यवस्था के नजरिए से कतई असंभव नहीं है।

आपने देखा होगा कि एक ओर तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कह चुकी हैं कि पश्चिम बंगाल में आग लगाने की साजिश हो रही है। अगर पश्चिम बंगाल जलेगा तो असम, पूर्वोत्तर राज्य, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का बयान आया है कि चिंतित हूँ और डरी हुई हूँ। इससे इस मामले की गम्भीरता और ज्यादा बढ़ चुकी है। सबको अंदेशा है कि पश्चिम बंगाल की नाजुक परिस्थितियों के मद्देनजर वहां पर कभी भी राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है, जो जरूरी भी है, वहां के निरन्तर घट रहे घटनाओं के मद्देनजर। विरोध-प्रदर्शन, बंद और हिंसा की घटनाओं के बीच प्रदेश के राज्यपाल सीवी आनंद बोस जब दिल्ली के लिए रवाना हो गए, तो इससे इन अटकलों को और अधिक बल मिला है।

बता दें कि गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार और वरिष्ठ नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था और उनसे 'अनुरोध' किया था कि वह पश्चिम बंगाल में 'संवैधानिक मूल्यों की रक्षा' करें। इससे पहले गत 27 अगस्त को राज्यपाल ने भी एक बयान जारी कर 'पश्चिम बंग छात्र समाज' के बुलाए गए 'नबन्ना मार्च' (सचिवालय पर प्रदर्शन) के दौरान हुई हिंसा को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की थी।

लिहाजा, यहां पर एक और सुलगता हुआ सवाल उठता है कि क्या दिल्ली की जमी-जमाई मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को निर्भया कांड की आड़ में 'निपटाने' योग्य माहौल बनाने के बाद अब बंगाल की जमी-जमाई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड के बहाने 'निपटाने' योग्य माहौल बनाने की जिम्मेदारी कतिपय लोगों ने ले ली है, जैसा कि मीडिया

के माहौल को देखकर प्रतीत हो रहा है। या फिर यह सब एक लोकतांत्रिक दस्तूर बन चुका है, जो किसी भी घटना के बाद नजर आता है। आखिर यह कौन नहीं जानता कि देश में चल रहे तमाम तरह के संगठित अपराधों को सत्ताधारी दल और प्रशासनिक महकमे के असरदार लोगों का परोक्ष शह प्राप्त होता है, जिसकी कड़ी से जुड़े लोग यदा-कदा जघन्य से जघन्य अपराध करने तक से भी कोई गुरेज नहीं करते। इस पूरे प्रकरण में डॉ घोष की चर्चित भूमिका के दृष्टिगत यहां भी कुछ ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। इसलिए पुनः यही बात उठी है कि लोकतंत्र और बहुमत जुगाड़ के नाम पर हमारे सत्ताधारी नेता ऐसे तत्वों के खिलाफ आखिर कबतक अपने मुंह बन्द रखेंगे? क्योंकि जब वो विपक्ष में होते हैं तो ऐसे तत्वों के खिलाफ खूब बोलते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें सांप सूंघ जाता है और ऐसे तत्वों के खिलाफ खामोशी की चादर ओढ़ लेते हैं। इसलिए अब एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था की जरूरत है जहां लोकतंत्र और बहुमत के जुगाड़ के खातिर कोई भी सियासी या सामाजिक व्यक्ति गलत को नजरअंदाज करने की हिमाकत ही नहीं कर पाए और यदि करे भी तो उसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहे। ऐसी व्यवस्था अभी तो सम्भव प्रतीत नहीं होती!

वहीं, पश्चिम बंगाल की राजनीति पर नजर रखने वाले बताते हैं कि मुख्यमंत्री के हालिया अटपटे बयानों से यह प्रतीत हो रहा है कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की घटना के बाद आम लोगों में पनपे आक्रोश से ममता बनर्जी दबाव में हैं। उन्हें इतने दबाव में पहली बार देखा जा रहा है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिन्हें लगता है कि वह इससे जल्द ही उबर जाएंगी। ये सही है कि ये पहली बार नहीं है, जब ममता बनर्जी को आंदोलन का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन वो मानते हैं कि इस बार वो दबाव में इसलिए दिख रही हैं क्योंकि आम लोगों के बीच उनके शासन चलाने के तरीक़े की आलोचना हो रही है।

खासकर महिलाओं के खिलाफ़ अपराध को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार का ये रिकॉर्ड नहीं रहा है कि उसने किसी पीड़िता को इंसाफ़ दिलवाया हो या फिर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को कभी क़ानूनी शिकंजे में जकड़ा हो। इसलिए आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद आम लोगों और ख़ास तौर पर आम महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा, जिसका तृणमूल कांग्रेस के बड़े नेताओं, राज्य सरकार या खुद ममता बनर्जी को अंदाज़ा नहीं था।

बताया गया है कि जिस तरह से कोलकाता पुलिस की भूमिका इस मामले को लेकर रही, जैसे एफ़आईआर दर्ज करने में देरी, पीड़िता के माता-पिता को ग़लत जानकारी दिया जाना या फिर घटना में 'सिविल वॉलंटियर' का शामिल होना-ये सब लोगों के ग़ुस्से को बढ़ाता रहा। कई चीज़ें एक साथ हुईं। जैसे मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और अन्य वरिष्ठ प्रशासकों की भूमिका। फिर अभियुक्त संजय राय पुलिस का ही हिस्सा है, बतौर एक सिविल वॉलंटियर। फिर 14 और 15 अगस्त की दरमियानी रात में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में विरोध कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर जो भीड़ का हमला हुआ, उससे कोलकाता पुलिस की छवि तो ख़राब हुई ही साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार भी आम लोगों के सवालों के घेरे में आ गई।

एक ओर कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद भाजपा सड़कों पर है तो इस मामले पर ममता की पार्टी में बाग़ी रुख़ के बीच अभिषेक बनर्जी की चुप्पी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कोलकाता में ममता सरकार के ख़िलाफ़ विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। पीड़िता के परिवार और जूनियर डॉक्टरों के आक्रोश के बावजूद आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष पर प्रशासनिक कार्रवाई ना करते हुए, उनको कोलकाता नेशनल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का प्रिंसिपल बना दिया गया। वो भी तब जब उनके ख़िलाफ़ 'प्रशासनिक अनियमितताओं' के आरोपों की लिखित शिकायत राज्य सरकार के पास मौजूद थी।

यही वजह है कि पश्चिम बंगाल सरकार के रुख़ को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी तल्ख़ टिप्पणियां कीं। इससे लोगों के बीच राज्य सरकार और ममता बनर्जी को लेकर आक्रोश भड़क गया। ऐसा पहली बार भी हुआ है कि आम लोगों के साथ-साथ, अलग-अलग ही सही, सभी विपक्षी दल, जैसे कांग्रेस और वाम दलों ने भी ममता बनर्जी के ख़िलाफ़ इस घटना के बाद मोर्चा संभाला। दरअसल प्रशासन के ख़िलाफ़ लोगों का जो गुस्सा फूट पड़ा, वह सिर्फ़ एक घटना की वजह से नहीं है बल्कि कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर लोगों में आक्रोश पहले से ही पनप रहा था।

जानकार बताते हैं कि पार्टी के अंदर ही अभिषेक बनर्जी ने कई बार यह मुद्दा उठाया कि राज्य प्रशासन ठीक से काम नहीं कर रहा है। प्रशासन जिस तरह से चल रहा है, उसको लेकर भी लोगों में पहले से ही गुस्सा था। जैसे जन प्रतिनिधियों की थाना प्रभारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के सामने कुछ चलती ही नहीं थी। वैसे देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में लोगों का राजनीतिक दलों पर से ही भरोसा कम होता जा रहा है। क्योंकि किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं की भाषा अगर आप सुनें तो एक तरह से उकसाने वाली भाषा बोलते हैं। पहले ये आरोप वाम दलों पर लगते थे मगर अब तृणमूल कांग्रेस, बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं पर भी इसी तरह के आरोप लग रहे हैं। इसलिए वो गुस्सा आम लोगों में पनप तो रहा था, लेकिन आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद लोगों के सब्र का बांध टूट गया।

वहीं, जानकार कहते हैं कि जिस तरह का दबाव ममता बनर्जी पर पिछले एक-दो दिनों में बन गया है, उससे बाहर निकलने के लिए वह आक्रामक तेवर भी दिखा रही हैं। जिस तरह राज्य सरकार ने भारत बंद के दौरान गिरफ्तारियां की हैं या फिर 'पश्चिम बंग छात्र समाज' के 'नबन्ना मार्च' (सचिवालय मार्च) करने वालों पर क़ानूनी कार्रवाई की है, उससे वह फिर से चीज़ों को अपने हाथों में लेने की कोशिश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता तो यहां तक कहते हैं कि हाल ही में लोकसभा के चुनावों में बीजेपी को मुंह की खानी पड़ी थी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को हराने के लिए हर हथकंडा अपनाया था, परन्तु जनता ने उन्हें नकार दिया इसलिए अब आर.जी. कर की घटना को लेकर बीजेपी अपनी राजनीति फिर से चमकाने की कोशिश कर रही है। वह राज्य में हिंसा और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है। इस मामले में राज्य सरकार ने घटना के फौरन बाद कार्रवाई की और एक अभियुक्त को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया। इसके बाद मामला सीबीआई के पास चला गया है, तो सवाल उन पर उठता है कि उन्होंने इतने दिनों में जांच में क्या प्रगति की है? भाजपा के लोग इस घटना को लेकर राज्य को अशांत करने की साजिश कर रहे हैं, जिसका ममता बनर्जी ने भांडा फोड़ा है। तृणमूल नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार और ख़ास तौर पर बीजेपी पश्चिम बंगाल को 'राज्यपाल के ज़रिए अस्थिर करने की कोशिश' कर रही है। इससे पहले भी संदेशखाली को लेकर बीजेपी ने पश्चिम बंगाल सरकार के ख़िलाफ़ माहौल बनाने की कोशिश की थी।

वहीं, दूसरी ओर विपक्ष का ममता सरकार पर आरोप है कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने ही पैदा किया है। जैसे सामंतवादी व्यवस्था हुआ करती थी, ठीक उसी तरह से सरकार चलाई जा रही है। सभी क़ानून ताक़ पर रख दिए गए हैं। उदाहरण स्वरूप, अब सिविल वॉलंटियर की भूमिका को ही ले लीजिए। ये कौन हैं? ये कैसे नियुक्त हुए? ये पुलिस के साथ बिना किसी प्रशिक्षण के कैसे काम कर रहे हैं? जबकि इन्हीं में से एक सिविल वॉलंटियर आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना का अभियुक्त है। इससे प्रतीत हो रहा है कि ये सब तृणमूल कांग्रेस के कैडर के हैं जो आम लोगों का दोहन करते हैं। जबकि भाजपा के लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं, तो हमलोग अराजक कैसे हुए? यह सरकार अपनी नाकामियों की वजह से घिर गई है। कोलकाता पुलिस ने जिस तरह से मामले को लेकर रुख़ अपनाया था, उसको लेकर सुप्रीम कोर्ट तक से उसे फटकार मिल चुकी है। वहीं, अब सीबीआई सही काम कर रही है? पीड़िता को इंसाफ़ हमारा उद्देश्य है।

खैर, इस वाकया से इतना तो स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली महानगर के निर्भया कांड की दर्दनाक और लोमहर्षक त्रासदी से भी हमारे अन्य महानगरों ने कोई सीख नहीं ली, अन्यथा उसी तरह के एक और कांड की पुनरावृत्ति कदापि नहीं हुई होती। ऐसा नहीं है कि मुम्बई या चेन्नई जैसे महानगरों और अन्य शहरों में ऐसी छिटपुट वारदातें नहीं हुई होंगी या नहीं होती होंगी, लेकिन उन्हें मीडिया में कितनी तवज्जो मिलती है, जगजाहिर सा है। सवाल है कि डॉक्टर कोलकाता रेप केस जैसे महिला सुरक्षा के मामले में कहां चूक होती है और उसका क्या है सार्थक समाधान? (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार)

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5375

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | 5 | 6 | | 7 |
| 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. टेस्ट मैचों में विश्व का सर्वाधिक रन स्कोर बनाने वाला वेस्टइंडीज का क्रिकेटर (अप्रैल 2004, 400 रन)(5)
5. शिकवा, उपलंभ, उलाहना (4)
8. फहराना, कंप युक्त गति होना (4)
11. व्यंग्यपूर्ण या छल भरी बात (3)
12. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (3)
15. यूनानी रीति से चिकित्सा करने वाला (3)
16. पश्चिमी अफ्रीका का एक देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
17. पडौसी, प्रतिवेशी, हमसाया (4)
19. बुनियाद, जड़, नींव, आदि कारण (2)
20. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
21. किसी त्यौहार व विशेष पर्व के अवसर पर लगा लोगों का जमघट या समूह (2)
23. मिथ्या संवाद या झूठी खबर (2)
24. परवरिश करना, भरण-पोषण करना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्व का एक मात्र देश जिससे भूमध्य रेखा और मकर रेखा दोनों की गुजरती है (3)
2. विलास चेष्टा, नाज-अदा, चोचला (3)
3. पुंज (2)
4. काबिल, योगय (3)
6. पैदल यात्रियों का समूह या दल (3)
7. करीने से काटना या कतरना (4)
9. जिद, दुराग्रह, दृढ़ प्रतिज्ञा, अटल संकल्प (2)
10. ठीक सामने की स्थिति को यह कहते है (6)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
14. ब्राह्मण, पुरोहित (2)
15. बयार, पवन, वायु, समीर (2)
16. मिलावट, अनुचित मेल, गड्मगड्ड (4)
18. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
22. उपस्थित करना, ले आना (2)

### वर्ग पहेली 5374 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दि | रा | गां | धी | ■ | खा | न |
| त | न | ■ | व | ■ | आ | ग | म |
| जा | मा | ■ | ■ | आ | ज | त | क |
| म | न | भा | व | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | टा | ■ | बा | ज | ■ | रा |
| सा | ग | ■ | ज | न | म | ■ | म |
| त | ज | ■ | रि | ■ | घ | ना | ■ |
| ■ | ब | का | या | ■ | ट | न | ■ |

रास्ता खोजो

Reliance AUTHORISED DEALER
Konark Enterprises Pvt. Ltd.
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath

# 7 सितंबर को मनाई जाएगी गणेश चतुर्थी, बप्पा की पूजा के समय न करें कोई गलती

गणेश चतुर्थी से हर साल गणेश उत्सव की शुरुआत होती है। चतुर्थी को भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार, भगवान गणेश सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले और शुभ परिणाम देने वाले माने जाते हैं। इस दिन भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की जाती है और दस दिनों तक उनकी पूजा की जाती है। हर साल भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि को यह त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार आमतौर पर अगस्त या सितंबर के बीच आता है। गणेश चतुर्थी के दिन कुछ ज्योतिषीय उपाय कर लिए जाएं, तो कई तरह की परेशानियों से छुटकारा मिलता है।

### गणेश उत्सव की शुरुआत

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 6 सितंबर को दोपहर 3.01 बजे शुरू होगी और अगले दिन यानी 7 सितंबर को शाम 5.37 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार इस साल गणेश चतुर्थी 7 सितंबर, शनिवार को मनाई जाएगी। इस दिन गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी और व्रत रखा जाएगा।

### बप्पा की विधिवत पूजा

गणेश चतुर्थी के दौरान भगवान गणेश की पूजा करें। गणेश जी की मूर्ति स्थापित करें और उन्हें मोदक, लड्डू और ताजे फूल चढ़ाएं। चतुर्थी के दिन उनकी पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### जरूरतमंदों की मदद करें

गणेश चतुर्थी के अवसर पर गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन या कपड़े दान करें। इस दिन दान करने से भगवान गणेश की विशेष कृपा मिलती है।

### इन मंत्रों का करें जाप

गणेश चतुर्थी के दौरान ओम गं गणपतये नमः या ओम विघ्नेश्वराय नमः मंत्र का जाप करें। भगवान गणेश की कृपा पाने के लिए यह मंत्र उपयोगी है।

### बप्पा को भोग लगाएं

भगवान गणेश को घर में बने मोदक का भोग लगाएं। मोदक बप्पा का प्रिय प्रसाद माना जाता है। ऐसा करने से गणेश जी का आशीर्वाद मिलता है।

### गणेश चालीसा का पाठ

गणेश चतुर्थी पर गणेश चालीसा का पाठ करें। इस दिन गणेश चालीसा का पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। इस तरह आपको जीवन में चल रहे कष्टों से राहत मिलेगी।

# इन उपायों से प्रसन्न होते है विघ्नहर्ता गणेश जी, पूरी करते हैं सभी मनोकामना

**हिंदू संस्कृति और किसी भी तरह की पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। किसी भी शुभ काम या पूजा को शुरू करने के लिए सबसे पहले गणेश जी की पूजा की जाती है। देवता भी अपने कार्यों को बिना किसी विघ्न के पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं। मान्यता के अनुसार गणेश जी की पूजा न केवल आपके कार्यों में आ रही अड़चनों को हटाती है, बल्कि आपकी हर मनोकामना को भी पूरी करती है।**

हम सभी के मन में कई सारी इच्छाएं होती हैं। इनमें से कुछ पूरी हो जाती हैं जबकि कुछ अधूरी ही रह जाती हैं। ऐसे में अपनी अधूरी इच्छा को पूरा करने के लिए आप गणेशजी के चरणों में जा सकती हैं। जी हां विघ्नहर्ता गणेशजी को हमारे भाग्य विधाता भी हैं। इसलिए अगर आपकी खोई ख्वाहिश अधूरी है और उसे पूरा करना चाहती हैं तो गणेशजी आपकी हेल्प कर सकते हैं। अपनी मनोकामना को पूरा करने के लिए गणेश जी को कैसे प्रसन्न किया जाए। आइए आप भी हमारे साथ विघ्नहर्ता गणेश जी को प्रसन्न करने के टिप्स के बारे में जानें।

### दूर्वा

गणेश जी को खुश करने का सबसे सस्ता और आसान उपाय दूर्वा अर्पित करना है। दूर्वा गणेश जी को इसलिए प्रिय है क्योंकि दूर्वा में अमृत मौजूद होता है। गणपति अथर्वशीर्ष में कहा गया गया है कि जो व्यक्ति गणेश जी की पूजा दुर्वांकुर से करता है वो कुबेर के समान हो जाता है। गणेश जी को कम से कम 21 दूब, 2 शमी और 2 बेल पत्र चढ़ाया जाता है। तुलसी जी गणेश जी को नहीं चढ़ाई जाती हैं।

### मां बाप की सेवा

पंडित भानुप्रतापनारायण मिश्र जी का कहना है कि विघ्नहर्ता गणेश जी को खुश करने का सबसे अच्छा रास्ता मां-बाप की सेवा करना है। गणेश जी उसे ही अपनी भक्ति प्रदान करते हैं जो अपने माता-पिताजी और सास-ससुरजी की सेवा करता है। बुजुर्गों का सम्मान करता है। तीर्थयात्रा आदि हेल्दी रहने पर माता-पिताजी और सास-ससुर जी के साथ ही करता है। इसके अलावा वृक्ष लगाने वालों से भी गणेश जी बेहद प्रसन्न होते हैं। अपने जीवनकाल में कम से कम 108 वृक्ष लगाएं और उन्हें संतान की तरह पाले, बड़ा करें। गणेश जी इन कार्यों से अति प्रसन्न होंगे।

### लड्डू

गणपति बप्पा को लड्डू खाना बड़ा पसंद हैं। ये उनके प्रिय व्यंजनों में से एक हैं। अगर आपके मन में कोई भी ख्वाहिश हैं तो आप गणेश मंदिर जाकर विघ्नहर्ता को लड्डूओं को भोग लगा सकते हैं। मूंग की दाल के लड्डू गणेश जी को बहुत प्रिय होते हैं। घर में ही पूजा करें तो पूजा के पूरा होने के बाद 21 में से 15 लड्डू पंडित जी को दक्षिणा सहित दान कर दें। दक्षिणा नहीं दी तो श्री कथावाचक और श्री ज्योतिषी को ही आपका पुण्य प्राप्त हो जाएगा। गर्मियों में गणेश जी को मूंग के दाल के लड्डू और सर्दियों में गणेश जी को तिल के लड्डू का भोग लगाना चाहिए।

### जल अर्पित करना

सुबह गणेश जी के 12 नाम जपते हुए ही उठें। जो नासिका चल रही हो वही पैर गणेश जी कहते हुए रखें। नहाने के बाद सबसे पहले गणेश जी को जल उत्तर दिशा में अर्पित करें। जल को जल में ही अर्पित करना है। यानि आप जिस जगह जल चढ़ाएं वहां या तो कोई गमला रख दें या पहले से ही पानी को गिरा दें। इसके बाद ही पूर्व में सूर्य नारायण और दक्षिण दिशा में अपने पितरों को जल अर्पित करें।

### फल

अगर आपके पास धन है तो रोज गणेश जी को कोई न कोई फल जरूर खिलाएं। और पूजा करके इसे तुरंत खा जाये, इसे खाना नहीं है। जामुन, अमरूद, बेल, आम, सेब, संतरा, मौसमी, चीकू, केला, अनार, आलुबुखारा, नारियल आदि मौसम के अनुसार फलों का भोग गणेश जी को लगाना चाहिए।

# गणेश चतुर्थी के दिन कौन सा दीया जलाना होता है ज्यादा शुभ?

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गणेश जी की घर में स्थापना कर उनकी पूजा की जाती है। गणेश चतुर्थी के दिन पूजा के दौरान गणेश जी के समक्ष कौन सा दीया जलाना चाहिए और क्या हैं उससे मिलने वाले लाभ। आइये जानते हैं इस बारे में। गणेश जी के सामने अलसी के तेल का दीया जलाना शुभ माना जाता है। ऐसे में गणेश चतुर्थी के दिन भी गणपति स्थापना के बाद उनके सामने अलसी के तेल का दीया प्रज्वलित करें। अलसी के तेल का संबंध मां लक्ष्मी से होता है। अलसी के तेल से किये गए उपाय धन को आकर्षित करने का काम करते हैं। गणेश जी के साथ मां लक्ष्मी की पूजा करना भी शुभ माना जाता है। इसमें अगर गणेश चतुर्थी पर गणपति स्थापना के बाद उनके सामने अलसी के तेल का दीया जलाया जाए तो गणेश जी घर में अपनी कृपा के साथ मां लक्ष्मी का आशीर्वाद लेकर आते है। इसके अलावा, अलसी के तेल का दीया गणेश जी के सामने जलाने से घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और घर में मौजूद कैसा भी ग्रह या वास्तु दोष दूर होने लग जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन अलसी के तेल में अगर कलावे की बती डालकर दीया जलाया जाए तो इससे घर में शुभता आती है और शुभ कामों में आ रही बाधाएं भी दूर होने लग जाती हैं।



# क्या राधा अष्टमी पर भी रखा जाता है व्रत?

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन राधा अष्टमी मनाई जाती है। इस साल राधा अष्टमी 11 सितंबर, दिन बुधवार को पड़ रही है। राधा अष्टमी के दिन श्री राधा रानी का भव्य श्रृंगार किया जाता है और इस दिन उनकी आराधना के साथ-साथ नाम जाप का भी विशेष विधान है। हालांकि जन्माष्टमी की तरह ही राधा अष्टमी पर भी व्रत रखा जाता है या नहीं इसके बारे में लोगों के कम ही पता है।

### राधा अष्टमी के दिन क्या रखना चाहिए व्रत?

शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि राधा अष्टमी का महत्व जन्माष्टमी से भी ज्यादा है क्योंकि श्री कृष्ण ने स्वयं राधा रानी को अपने से भी ऊपर का स्थान दिया है। असल में राधा रानी श्री कृष्ण की आराध्य शक्ति मानी जाती है। ऐसे में जितना महत्वपूर्ण कृष्ण जन्म है उससे कही ज्यादा विशेष स्थान है राधा रानी के जन्म दिवस का। जिस प्रकार जन्माष्टमी के दिन लड्डू गोपाल का भव्य श्रृंगार होता है, उन्हें झूला झुलाया जाता है। ठीक वैसे ही राधा अष्टमी के दिन भी राधा जी का अलौकिक श्रृंगार होता है। राधा रानी के बाल रूप की पूजा की जाती है। राधा रानी को भी अष्टमी के दिन झूला झुलाया जाता है। हालांकि व्रत की बात करें तो राधाष्टमी का व्रत रखना निजी इच्छा है। यूं तो ब्रज मंडल में राधाष्टमी के दिन व्रत रखा जाता है लेकिन जिन घरों में राधा रानी सेवा नहीं है सिर्फ निराकार रूप में पूजा है वह व्रत रख भी सकते हैं और नहीं भी।

# राधा अष्टमी के दिन श्री राधा रानी को अर्पित करें ये चीजें धन-धान्य से भरा रहेगा घर

**भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन राधा अष्टमी मनाई जाती है। इस साल राधा अष्टमी 11 सितंबर, दिन बुधवार की है। राधा अष्टमी के दिन राधा रानी का जन्मोत्सव मनाने के साथ ही उनकी सेवा-पूजा एवं भव्य श्रृंगार का भी विधान है। इसके अलावा, राधा रानी की पूजा के दौरान उन्हें कुछ चीजें अर्पित करने से उनकी कृपा प्राप्त हो सकती है। आइये जानते हैं कि राधा रानी को राधा अष्टमी के दिन क्या अर्पित करना शुभ होता है।**

**राधा रानी को अर्पित करें बांसुरी-** बांसुरी श्री कृष्ण की प्रिय मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि श्री कृष्ण बांसुरी तभी बजाते थे जब पहले राधा रानी उसमें स्वर का संचार करती थीं। ऐसे में कृष्ण प्रिय बांसुरी राधा रानी को अर्पित करने से वह शीघ्र प्रसन्न हो जाती हैं।

**राधा रानी को अर्पित करें चूड़ा-** राधा रानी को हाथ में पहनने वाले कड़े अर्पित करने चाहिए। यानी कि जब आप उनका श्रृंगार कर रहे हों तो उन्हें चूड़ा या कड़ा अवश्य पहनाएं। ऐसी मान्यता है कि कृष्ण भगवान को राधा रानी के हाथों में कड़े बहुत भाते थे।

**राधा रानी को अर्पित करें मोरपंख-** मोरपंख न सिर्फ कृष्ण प्रिय है बल्कि राधा रानी को भी मोरपंख बहुत भाता है। ऐसे में अगर राधा अष्टमी के दिन राधा रानी को मोरपंख अर्पित जाए तो इससे व्यक्ति के जीवन के सभी दुख और नकारात्मकता दूर होती है।

**रानी को अर्पित करे नाम जाप-** राधा अष्टमी के दिन जितना हो सके उतना राधा नाम का जाप या कृष्ण नाम का जपा करना चाहिए। शास्त्रों में भी लिखा है कि नाम जाप से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है। ऐसे में राधा कृष्ण का नाम जाप करने से उनका सानिध्य मिलता है।

# गणेश चतुर्थी से पहले जरूर खरीदें ये चीजें, मिलेंगे शुभ परिणाम

हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। गणेश चतुर्थी को गणेशोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बप्पा की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। बता दें, इस साल गणेश उत्सव 07 सितंबर को मनाया जाएगा। भगवान गणेश को प्रथम पूजनीय देवता माना गया है। सभी देवी-देवताओं से पहले बप्पा की पूजा करने का विधान है। अब ऐसे में गणेश चतुर्थी से पहले किन चीजों का खरीदना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं। शंख को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। गणेश चतुर्थी के दौरान शंख बजाने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं और घर में सुख-समृद्धि लाते हैं। शंख को वास्तु दोष निवारण का एक प्रभावी उपाय माना जाता है। इसे घर में सही दिशा में रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। वहीं गणेष चतुर्थी से पहले शंख को खरीदने से व्यक्ति की मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। गणेश चतुर्थी से पहले घर लाएं हरे वस्त्र हरा रंग प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्धि का प्रतीक है। मान्यता है कि भगवान गणेश को हरा रंग बहुत प्रिय है। इसलिए, गणेश चतुर्थी के दौरान हरे रंग के वस्त्र पहनकर या गणेश जी को हरे रंग के वस्त्र अर्पित करके आप उनकी कृपा प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही गणेश चतुर्थी से पहले हरे रंग का वस्त्र अवश्य खरीदें।

### गणेश चतुर्थी से पहले घर लाएं चांदी का कलश

चांदी को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। गणेश जी को धन के देवता भी माना जाता है, इसलिए चांदी का कलश लाकर घर में धन की वृद्धि होती है। इतना ही नहीं, आप इस दिन चांदी का सिक्का भी खरीद सकते हैं। इससे व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी से पहले घर लाएं इलायची

इलायची को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इलायची को नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने की शक्ति मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि गणेश जी को इलायची बहुत पसंद है। इसलिए, इलायची को गणेश जी को अर्पित किया जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन एक लाल कपड़े में 5 इलायची बांधकर अपने धन रखने वाले स्थान पर रखें, इससे धन में वृद्धि होती है।



# जानिए आखिर क्यों भगवान गणेश की पीठ के दर्शन नहीं करने चाहिए

ऐसा माना जाता है कि गणेश जी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण कर देते है और अपने भक्तों पर हमेशा अपनी कृपा हमेशा बनाए रखते हैं। अगर कोई भक्त गणेश जी की पूजा अर्चना की जाए तो उनके सभी दुख भगवान गणेश जी दूर कर देते हैं, लेकिन ऐसा माना जाता है कि कभी भी भगवान गणेश की पीठ के दर्शन नहीं करने चाहिए। चलिए जानते हैं कि इसके पीछे का कारण क्या है।

गणेशजी को रिद्धि-सिद्धि का दाता माना गया है और इनकी पीठ के दर्शन करना वर्जित किया गया है। मान्यताओं के अनुसार, गणेश जी के शरीर पर जीवन और ब्रह्मांड से जुड़े अंग निवास करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, गणेश जी के शरीर के हर अंग पर ब्रह्मांड की क्रियाएं छिपी हुई होती हैं। गणेश जी के कानों पर ऋचाएं, सूंड पर धर्म विद्यमान, दाएं हाथ में वर, बाएं हाथ में अन्न, पेट में समृद्धि, आखों में लक्ष्य, नाभि में ब्रह्मांड, पैरों में सातों लोक और मस्तक में ब्रह्मलोक विद्यमान है। गणेशजी के सामने से दर्शन करने पर उपरोक्त सभी सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त हो जाती है लेकिन माना जाता है श्रीगणेश की पीठ पर दरिद्रता का निवास होता है। गणेशजी की पीठ के दर्शन करने वाला इंसान अगर बहुत धनवान भी हो तो उसके घर पर दरिद्रता का प्रभाव बढ़ जाता है। इसी कारण इनकी पीठ नहीं देखना चाहिए।

### भगवान गणेश की पीठ का दर्शन कर ले तो क्या करना चाहिए?

अगर आपने भगवान गणेश की पीठ के दर्शन कर लिए हैं तो श्री गणेश से क्षमा याचना मांग लेना चाहिए। ऐसा करने से इसका प्रभाव खत्म हो जाए। हिंदू धर्म के पुराणों के अनुसार, अगर आपको कोई भी काम रुक रहा हो या फिर आप कोई भी काम करने में असमर्थ हो तो भगवान गणेश का मात्र नाम लेने से ही सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

'स्वच्छ भारत' का कमाल

# देश में हर साल बच रही है 70000 शिशुओं की जान

## स्टडी में बड़ा दावा,शिशु एवं बाल मृत्यु दर में आई कमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों से हर साल 60,000-70,000 शिशुओं की मौत को रोकने में मदद मिली है। गुरुवार को एक स्टडी में यह बात कही गई। यह स्टडी साइंटिफिक रिपोर्ट्स नामक मैग्जीन में प्रकाशित हुई है। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालयों और 2000 से 2020 तक पांच वर्ष से कम उम्र के शिशुओं और बच्चों की मृत्यु में कमी का जिक्र किया गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने 20 वर्षों में 35 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 600 से अधिक जिलों को कवर करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आंकड़ों का अध्ययन किया। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर में स्वच्छता और साफ-सफाई को बढ़ावा देना है। इसे 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर लॉन्च किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य पूरे भारत को खुले में शौच मुक्त बनाना और स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को इसका जिक्र किया था।

# थिएटर कमांड की तैयारी पूरी, बस मंजूरी का इंतजार

● देश की तीनों सेनाओं में आपसी तालमेल के लिए ऐक्टिव हुई मोदी सरकार ● देश की सुरक्षा के साथ वैश्विक मंच पर भारत की धमक के लिए भी जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीनों सेनाओं में तालमेल को और भी ज्यादा बेहतर बनाने के लिए मोदी सरकार 'इंटिग्रेटेड थिएटर कमांड' बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ी है। थिएटर कमांड यानी एकीकृत कमांड एक ऐसा सिस्टम होगा जिसके तहत आर्मी, नेवी और इंडियन एयरफोर्स बेहतर तालमेल के साथ एक दूसरे की क्षमताओं का कुशलता से इस्तेमाल कर सकेंगी। सैन्य नेतृत्व चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर पर फोकस करते हुए नए थिएटर कमांड्स को अंतिम रूप दे रहा है। मसौदा पूरी तरह तैयार है, बस सरकार की मंजूरी का इंतजार है। इकलौता थिएटर कमांड नहीं, बल्कि ऐसे 2 से 5 कमांड बनाने की तैयारी है। हर थिएटर कमांड की अगुआई आर्मी, एयर फोर्स या नेवी के थ्री स्टार अफसर करेंगे और सभी थिएटर कमांड की अगुआई चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ करेंगे। बांग्लादेश के उथल-पुथल ने भी भारतीय सेना की चिंताएं बढ़ा दी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव जैसी तमाम घटनाएं

बता रही हैं कि सैन्य क्षमता में सुधार और मजबूती क्यों जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल पहले जब पहली बार केंद्र की सत्ता संभाली थी, तभी उन्होंने सैन्य अफसरों को थिएटर कमांड को लेकर अपनी सोच का संकेत दे दिया था। इसका मकसद विकसित भारत के सपने को अमलीजामा पहनाना भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मई 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब से ही वह भारतीय सेना को एक रंग में देखते हैं - तिरंगे के रंग में। उनका मानना है कि सेना के तीनों अंगों में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। इसी सोच के साथ, मोदी सरकार थिएटर कमांड बनाने की तैयारी कर रही है, जिससे सेना के तीनों अंग एक साथ मिलकर काम कर सकें। इस बदलाव का मकसद विकसित भारत के सपने को साकार करना है, जहां भारत वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत जगह बना सके। चीन की तरह ही, भारत भी अपनी ताकत बढ़ाकर वैश्विक घटनाओं को प्रभावित करने में सक्षम होना चाहता है। मोदी सरकार ने इस बदलाव के लिए कई कदम उठाए हैं। इस साल भारतीय विदेश सेवा में 55 अधिकारियों की नियुक्ति इसका एक उदाहरण है। थिएटर कमांड भी इसी योजना का हिस्सा हैं, क्योंकि भविष्य में होने वाले युद्ध सिर्फ जमीन पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष तक में लड़े जाएंगे। सैटेलाइट हथियार बनेंगे। इसलिए सेना को हर तरह की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। बांग्लादेश में चल रही उथल-पुथल ने भी भारतीय सेना की चिंता बढ़ा दी है।

# रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने थामा कांग्रेस का हाथ

कहा-बुरे वक्त में बीजेपी छोड़ सभी दूसरी पार्टियों ने दिया साथ, दोनों लड़ सकते हैं चुनाव

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के 30 दिन पहले रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। विनेश का जुलाना सीट से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। वहीं, बजरंग के भी चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इससे पहले दोनों रेसलर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मिले। इसके बाद कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। राज्य में एक फेज में 5 अक्टूबर को मतदान होगा। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएंगे। कांग्रेस में शामिल होने से पहले विनेश और बजरंग ने रेलवे की नौकरी छोड़ दी। दोनों ओएसडी स्पोर्ट्स के पद पर थे। सबसे पहले तो मैं देशवासियों और मीडिया का धन्यवाद

करना चाहती हूं। कांग्रेस पार्टी का बहुत धन्यवाद करती हूं कि बुरे टाइम पर पता लगता है कि साथ में कौन है।

### साक्षी मलिक बोलीं- यह दोनों का पर्सनल फैसला

साक्षी मलिक ने कहा, यह उनका पर्सनल फैसला है। कहीं न कहीं हमें त्याग करना पड़ेगा। बाकी जो हमारा आंदोलन था, उसको गलत रूप न दिया जाए। मैं अभी भी उस पर डट कर खड़ी हूं। मेरे पास भी ऑफर आए हुए हैं, लेकिन मेरा मानना है कि जिस चीज से मैं जुड़ी हुई हूं, मैं उसको आखिर तक लेकर जाऊंगी।

रेसलिंग में जब तक बहन-बेटियों का शोषण खत्म नहीं हो जाता, मेरी लड़ाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा, दोनों कांग्रेस की राजनीति का शिकार हुए हैं। हमने विनेश को सम्मान दिया। हमारी बेटी हमारी शान है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विनेश और बजरंग से मुलाकात करने के बाद सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! हमें आप दोनों पर गर्व है। विनेश फोगाट विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। जींद जिले की जुलाना सीट से विनेश की टिकट तय मानी जा रही है। हालांकि, यहां से विनेश की चचेरी बहन बबीता फोगाट को भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। ऐसे में अब दादरी सीट का विकल्प भी विनेश के लिए खुला है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि विनेश 11 सितंबर को नामांकन करेंगी। बजरंग पूनिया को स्टार प्रचारक का जिम्मा मिल सकता है। बजरंग झज्जर की बादली सीट मांग रहे थे।

# कॉलेजियम के फैसले में पहली बार 'सुप्रीम' दखल

## दो जजों की पदोन्नति से जुड़ा है अहम फैसला, किया रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश कॉलेजियम के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें हाई कोर्ट में पदोन्नति के लिए दो वरिष्ठ जिला जजों की उम्मीदवारी को नजरअंदाज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने दो सीनियर जिला जजों की याचिका को स्वीकार करते हुए इस साल की शुरुआत में हुई कॉलेजियम की चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि परामर्श के अभाव में कॉलेजियम का निर्णय इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने निजी तौर पर दो जिला जजों के नामों पर पुनर्विचार नहीं करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि यह फैसला कॉलेजियम के फैसले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का पहला उदाहरण है।

# पीएम मोदी के ब्रूनेई दौरे से चीन के खड़े हुए कान!

इस मुस्लिम देश से भी बीजिंग की चल रही है खींचतान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी 'एक्ट ईस्ट नीति' को मजबूत करने के लिए इन दिनों दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के पहले चरण में उन्होंने ब्रूनेई का दो दिवसीय दौरा

किया। इस दौरान दोनों देशों ने नौवहन की स्वतंत्रता पर जोर दिया और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रूनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत और ब्रूनेई ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत निरंतर नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। यह भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रूनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। इस यात्रा के मद्देनजर पड़ोसी देश चीन के कान खड़े हो गए हैं। हालांकि बीजिंग की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, पीएम ने दौरे पर चीन को इशारों-इशारों में कड़ा संदेश दिया है। पीएम ने कहा कि भारत विस्तारवाद की नहीं,विकास की नीति का समर्थन करता है।

# 900वां करियर गोल दाग कर भावुक हुए फुटबॉलर रोनाल्डो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया।

बैलन डीओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया। रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब अल-नस्र

## यूईएफए नेशंस लीग: पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया

के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्र के लिए किए हैं।

रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने माइलस्टोन को शेयर भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिससे यह प्रतीत होता है कि वह हाल-फिलहाल में संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा- मैंने इसका सपना देखा था, मेरे और भी कई सपने हैं। आप सभी का धन्यवाद! रोनाल्डो को विश्व के महानतम फुटबॉलर्स में से एक माना जाता है। उनके और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर को लेकर बहस रहती है। हालांकि, मेसी ने 2022 में फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक इस बहस को आसान बना दिया था, लेकिन रोनाल्डो का क्लब करियर बेहद शानदार है। रोनाल्डो पहले से ही प्रोफेशनल फुटबॉल और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मेसी हैं, जिन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल करियर में 838 गोल किए हैं।

मैच की बात करें तो रोनाल्डो के गोल से पहले डिओगो डालोट के गोल ने पुर्तगाल को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी। हालांकि, डालोट ने इसके बाद एक आत्मघाती गोल भी दागा, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल जीत हासिल करने में कामयाब रहा। दोनों टीमें नेशंस लीग के ग्रुप ए-1 में पोलैंड और स्कॉटलैंड के साथ हैं। पुर्तगाल रविवार को लिस्बन में स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा।

# पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय रेलवे से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देकर भारतीय रेलवे से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया जबकि उनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हैं। विनेश ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का यादगार और गर्व से भरा समय रहा। उन्होंने आगे लिखा, 'मैने रेलवे की सेवा से खुद को अलग करने का फैसला किया है और भारतीय रेलवे के संबंधित अधिकारियों को अपना इस्तीफा भेज दिया है। विनेश ने लिखा, 'मैं रेलवे द्वारा देश की सेवा करने का मौका दिए जाने के लिए सदैव भारतीय रेलवे परिवार की आभारी रहूंगी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलो के स्वर्ण पदक के मुकाबले से ठीक पहले अयोग्य करार दिए जाने के कारण कुश्ती से संन्यास ले लिया था। उनकी अपील को खेल पंचाट ने खारिज कर दिया था।

यूएस ओपन

# सबालेंका यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप की विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, इटली की सारा ईरानी और एड्रिया वावसारी की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी।

न्यूयॉर्क में शुक्रवार को बेलारूसी स्टार सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की एमा नवारो को सीधे सेट में 6-3, 7-6 से हराया। उनका सामना रविवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। छठी सीड जेसिका ने चेक रिपब्लिक की करोलिना मुचोवा को 3 सेट तक चले मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-2 से हराया।

बेलारूसी स्टार सबालेंका सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। उन्होंने पहला सेट 6-3 से जीत लिया, हालांकि दूसरे सेट में अमेरिकी स्टार नवारो ने उन्हें फाइट दी। लेकिन सबालेंका ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट को टाई ब्रेकर तक ले गईं।

उन्होंने इस सेट को 7-6 के अंतर से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की छठी सीड खिलाड़ी जेसिका ने मुचोवा को 2 घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में हराया। उन्होंने पहला सेट 1-6 से गंवाने के बाद 6-4, 6-2 की जबर्दस्त वापसी की। मेजबान देश की एमा नवारो ने सबालेंका को दूसरे सेट में कड़ी फाइट दी। मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में इटली और अमेरिका की जोड़ियों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। इटैलियन जोड़ी ने फाइनल मुकाबले के दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते। सारा ईरानी और एड्रिया वावसारी की तीसरी सीड जोड़ी ने डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को 7-6, 7-5 से हराया।

# आईपीएल 2025 से पहले कुमार संगाकारा लेंगे गौतम गंभीर की जगह?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले सिर्फ टीमों में खिलाड़ियों के रूप में नहीं, बल्कि कोचिंग स्टाफ के रूप में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. जैसे मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ी एक टीम से दूसरी टीम में जा सकते हैं, वैसे ही कोचिंग स्टाफ के सदस्य भी एक टीम से दूसरी टीम में शामिल हो सकते हैं.

अब खबर सामने आई कि राजस्थान रॉयल्स के टीम डायरेक्टर कुमार संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स में गौतम गंभीर की जगह ले सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बनने की बातचीत में लगे हुए हैं. अगर संगाकारा केकेआर के मेंटॉर बनते हैं, तो वह गौतम गंभीर की जगह लेंगे. टीम इंडिया के हेड कोच बनने के बाद गंभीर को केकेआर का साथ छोड़ना पड़ा था. 2024 में गंभीर कोलकाता के मेंटॉर के रूप में नजर आए थे. अब 2025 में कुमार संगाकार केकेआर के मेंटॉर के रूप में दिख सकते हैं.

### 2024 में अच्छा रहा था राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन

रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स से अपने रास्ते अलग करके दूसरी टीमों के ऑफर को देखना चाहते हैं. हालांकि अभी इस बात को लेकर किसी भी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाकई में ऐसा बदलाव होता है या नहीं.

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था. टीम ने 14 में से 8 मैचों में जीत हासिल कर नंबर तीन की जगह हासिल की थी.

# रोजाना सुबह उठते ही करें इन मंत्रों का जाप अच्छा बीतेगा दिन

*कहा जाता है कि यदि दिन की शुरुआत अच्छी हो तो पूरा दिन हंसी खुशी बीतता है। यही वजह है कि हर कोई चाहता है कि उसके दिन की शुरुआत अच्छी हो। हिंदू धर्म में मान्यता है कि सुबह आंख खुलते ही भगवान का नाम लेने से दिन अच्छा होता है। साथ ही भाग्योदय भी होती है। इसके अलावा शास्त्रों में कुछ मंत्रों के बारे में बताया गया है। सुबह उठकर सबसे पहले इन मंत्रों का जाप करना चाहिए। दरअसल, हिंदू धर्म में मंत्रों का विशेष महत्त्व माना गया है। हर देवी देवताओं के लिए अलग-अलग मंत्र होते हैं। रोजाना सुबह इन मंत्रों का जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और हर मनोकामना पूरी करते हैं। कहा जाता है कि किसी भी मंत्र का ध्यानपूर्वक जाप करने से शरीर की आंतरिक शक्ति यां जागृत होती हैं। ये शक्ति यां सकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं, जिससे पूरा दिन व्यक्ति ऊर्जा से भरा रहता है और बिगड़े काम धीरे-धीरे बनने लगते हैं। तो चलिए जानते हैं इन मंत्रों के बारे में...*



सबसे पहले आख खुलते बिस्तर पर बैठ जाए और अपने दोनों हाथो को देख कर इस मत्र का जाप करे। मान्यता है कि सुबह उठते ही इस मत्र को पढ़कर अपने हाथो के दर्शन करना लाभदायक होता है।

*कराग्रे वसते लक्ष्मी, करमध्ये सरस्वती।*
*करमूले स्थितो ब्रह्मा, प्रभाते कर दर्शनम्।।*

इसके बाद धरती मां को प्रणाम करें नीचे दिया गया मंत्र बोलें। इससे विशेष फल की प्राप्ति होती है और पूरा दिन अच्छा जाता है।

*समुद्र वसने देवी, पर्वत स्तन मंडले।*
*विष्णु पत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।*

फिर स्नानादि करें और नीचे दिए गए इस मंत्र के साथ भगवान सूर्यदेव को नमन करें। मान्यता है कि इससे घर में साकारात्मक ऊर्जा आती है और धन की वृद्धि होती है।

*आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर।*
*दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तुते।।*

इसके बाद अपने ईष्टदेव के सामने दीप जलाकर नीचे दिए मंत्र का जाप करें। इससे हमारे पापों का नाश करता है।

*दीप ज्योति-पर ब्रह्म, दीप ज्योति जनार्दन।*
*दीपो हरतु मे पापं, दीप ज्योतिर्नमोऽस्तुते।।*

रोजाना सुबह भगवान की पूजा करने के बाद नाश्ता करें और नाश्ते से पहले नीचे दिए मंत्र का जाप करें। इससे बुद्धि और तेज को बढ़ेगा।

*ब्रह्मार्पण ब्रह्म हवि-ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।*
*ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं, ब्रह्म कर्म समाधिना।।*

# बिना पैसे खर्च किए ऐसे सही करें घर का वास्तु दूर भाग जाएगी नकारात्मक ऊर्जा

***खुद का घर का होना हर किसी का एक सपना होता है जिसे वह कड़ी मेहनत करके खरीदता है। इस खरीदे हुए घर को अपने मन-मुताबिक डिजाइन कराता है। लेकिन कई बार जरा सी गलती वास्तु दोष का कारण बन जाती है। घर में वास्तु दोष होने के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप चाहे तो बिना घर में तोड़-फोड़ किए इन वास्तु उपायों को अपना सकते हैं। इससे घर का वास्तु दोष आसानी से ठीक हो जाएगा।***

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, हर एक दिशा किसी न किसी तत्व का प्रतिनिधित्व करती है। हमारा पूरा घर पंच तत्वों से मिलकर बना होता है जिस तरह से हमारा शरीर बनता है। इसी कारण सुख-समृद्धि, खुशहाल जीवन जीने के लिए घर के हर एक कोने को दोष रहित होना चाहिए। क्योंकि इसका दुष्प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर सबसे अधिक पड़ता है। ऐसे में जानिए घर के वास्तु दोष को दूर करने के लिए कौन से उपाय अपनाना बेहतर होगा।

## घर का वास्तु दोष ऐसे करें ठीक

### कलश रखें

घर के वास्तु दोष को दूर करने के लिए उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण में एक कलश की स्थापना करें। क्योंकि कलश को भगवान गणेश का स्वरूप माना जाता है। ऐसे में भगवान गणेश आपके घर में रहकर हर समस्या से छुटकारा दिलाने में मदद करेंगे।

### स्वास्तिक का चिन्ह

घर के वास्तु दोष दूर करने के लिए घर के मुख्य द्वार में सिंदूर से स्वास्तिक बना लें। इस बात का याद रखें कि स्वास्तिक नौ अंगुल लंबा और नौ अंगुल चौड़ा हो चाहिए। इसे बनाने से घर की नकारात्मक ऊर्जा भी खत्म हो जाती है।

### घोड़े की नाल

वास्तु शास्त्र में घोड़े की नाल का काफी महत्व है। इसे घर में लगाने से वास्तु दोष से छुटकारा मिल जाता है। घर के मुख्य द्वार में घोड़े की पूरी नाल लगा दें जो यू आकार की होती है।

### पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर

अगर आपका प्रवेश द्वार दक्षिण दिशा की ओर है तो घर के द्वारा में पंचमुखी हनुमान की तस्वीर रख लें। इससे लाभ मिलेगा। इसके अलावा प्रवेश द्वार में पंचधातु से बना हुआ पिरामिड लगा सकते हैं।

### बल्ब लगाएं

अगर आपका किचन आग्नेय कोण यानी पूर्व-दक्षिण में नहीं है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए आग्नेय कोण में एक छोटा बल्ब लगा लें और रोजाना उसे जलाएं। इससे काफी हद तक किचन का वास्तु दोष कम हो जाएगा।

### कपूर

घर के वास्तु दोष को दूर करने के लिए कपूर भी लाभकारी साबित हो सकती है। आपके घर में जिस जगह पर वास्तु दोष है वहां पर कपूर रख दें। जैसे ही खत्म हो तो दोबारा रख दें। इससे काफी हद तक वास्तु दोष से छुटकारा मिल जाएगा।

# क्या कहते आपके सितारे

**मेष** आज निजी रिश्तों में शङ्का को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है। आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**वृषभ** महँगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे। आपके पहनावे और कार्यशैली से लोग आकर्षित रहेंगे। आपके द्वारा किये गये कार्यों और योगदान की लोग प्रशन्सा करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनन्द लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**मिथुन** आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें। व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नये कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। जुकाम और मौसमी बीमारियाँ परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों में सुख का अनुभव करेंगे। व्यापार में बड़े अनुबन्ध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े आज काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे।

**सिंह** आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको सन्तुलन बनाकर रखना होगा। महिलायें अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। सन्तान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाज़ी के किये गये कार्यों में गड़बड़ियाँ हो सकती है।

**कन्या** व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुये कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे। मन में किसी गम्भीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। पिता या गुरुतुल्य व्यक्ति के साथ आप काफी अच्छा सम्बाद कर सकते हैं।

**तुला** आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमन्जस की स्थिति में रहेंगे। अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। इसीलिये आज महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें।

**वृश्चिक** व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है।

**धनु** नये काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमन्द लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**मकर** आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे। आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। आज किसी पर्यटन यात्रा के लिये जा सकते हैं।

**कुंभ** आप जिस काम के लिये पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें। परिजन आपके विचारों से सन्तुष्ट नहीं रहेंगे। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों को मदद करने के लिये धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**मीन** आज आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरन्त शेयर न करें। आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं। जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे।


G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034

Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

New AJANTA TRANSPORT SERVICE
Tel.: (0251) 2568696 / 2569582
Booking : 8459362576 / 9511233010
Delivery : 7972406021 / 7972319031
UP & DOWN SERVICE FOR FOLLOWING CITIES

VAPI: Satlani Plaza, New Telephone exchange, GIDC, Char Rasta, vapi. Pincode-396195. Contact no-09978295051/09377166664
VALSAD: C/o.Purohit Roadlines, Shop No 1, Sanskrutik Bhavan, Bechar Road, valsad. Pincode-396001 Contact no - 09825394571/02632-248559
CHIKHLI: C/o.Surya Roadlines, Near Ashirwad Hospital Behind Essar Petrol pump, Samroli, Chikli. Pincode-396521 Contact no- 9825971634/7405164552
NAVSARI.: Yogiraj complex,Shop no 1&2, Opposite to Sheetal Hotel, Dharagiri National Highway No 8, Navsari. Pincode-396424 Contact no- 9824700447/9824704445
SURAT: C/o.Sunrise Travels, Shop No G-14. Shree Kuberji World, Saroli, Surat. Pincode-395010 Contact no-09723920438/6358815577
BARODA: Shreeji Market, B-38, Near Sangam Chokdi, Harni Road, Pincode -390021. (Contact No- 9033634285, 9099176830)
AHEMDABAD: Godown No.32,Sainath Ind. Estate, Behind Kubeshwar Mahadev, Sejpur, Naroda. Pincode-382345 Contact no-09824677880/08140676912/09638340875
RAJKOT: C/o.Akash Roadways, Dhebar Main Road, Rajkot. Conact no-9825285683
C/o.Akash Roadways, Kishan Gate No 3, Metoda GIDC. Contact no-9925367186
C/o.Akash Roadways, Navagam main road, Navagam. Contact no-9081947786
SHAPAR (VERAVAL): C/o.Akash Roadways, Behind Old Murlidhar Weight Bridge, Opp Pitukrupa Hotel, Rajkot Gondal National Highway. Pincode- 360024 Contact no-9925716786/02827-253652
MORBI: C/o.Eleven Transport, opposite police Chowki, National Highway 8A, Makansar. Pincode-363642 Contact no- 08511493195/09904762377
Gmail-newajantatransport@gmail.com
Website-newajantatransport.in
Beside Kalimata Mandir, Near ACP Office, Pawai Chowk, Ulhasnagar-421003, Dist. Thane (Maharashtra)

Dolphin Club
PLOT No. 181, NEAR SACHDEV NAGAR, CHOPRA COURT ROAD, ULHASNAGAR- 3.
TEL.:- (0251) 271 3154


प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
RNI No. 68359/93,
( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )
दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

# कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में संपत्तियों का सर्वेक्षण शुरू

कल्याण (अरविंद मिश्रा)। कल्याण डोंबिवली मनपा (केडीएमसी) क्षेत्र में संपत्तियों के सर्वेक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अंतर्गत नई संपत्तियों के साथ ही, पुरानी ऐसी संपत्तियां जिनमें अतिरिक्त निर्माण किए गए हैं, अनाधिकृत निर्माण समेत सभी संपत्तियों के सर्वेक्षण व नापतौल का काम शुरू किया गया है। बतादें की संपत्ति कर मनपा की आमदनी का प्रमुख स्त्रोत है और नई व बढ़ी हुई संपत्तियों के सर्वेक्षण से मनपा की आय में बढ़ोत्तरी होगी। इस कार्य के लिए मनपा ने अमरावती की कंपनी मेसर्स कोर प्रोजेक्ट इंजीनियर्स एंड कंसल्टेंट प्रा. लि. को नियुक्त किया है। प्रापर्टी के सर्वेक्षण के बाद संपत्तियों के नक्शों का कंप्यूटरीकरण, कर निर्धारण व फोटोग्राफी होगी। इसके साथ ही सभी संपत्तिकर दाताओं का मोबाइल नंबर, ईमेल व अन्य डाटा भी संग्रहित किए जाएंगे। मनपा ने नागरिकों से यह अपील की है कि संपत्ति का सर्वेक्षण करने आए लोगों का पहचान पत्र देखकर उन्हें इस कार्य मे सहयोग करें व सभी आवश्यक जानकारी उन्हें उपलब्ध कराएं।

# नवी मुंबई मनपा में महिला कर्मचारियों के लिए विशाखा समिति का पुनर्गठन

नवी मुंबई (नि.सं.)। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लैंगिक उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा (रोकथाम, मनाई और निवारण) अधिनियम पारित किया गया है. तदनुसार नवी मुंबई मनपा की महिला अधिकारियों एंव कर्मचारियों के लिए 2010 से विशाखा समिति की स्थापना की गई है। नवीमुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार मनपा में विशाखा समिति का पुनर्गठन किया गया है तथा खेल व संस्कृति विभाग की उपायुक्त अभिलाषा पाटिल-म्हात्रे को विशाखा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और कानूनी विशेषज्ञ हेमांगी पाटिल को अशासकीय सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है. सरकारी निर्णय के अनुसार विशाखा समिति में 10 सदस्य हैं, जिनमें 6 महिला अधिकारी-कर्मचारी और 4 पुरुष सदस्य भी शामिल हैं. इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए उक्त विभाग के अंतर्गत महिला शिकायत निवारण समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है तथा उक्त समिति आगे भी कार्य करती रहेगी. बताते चले कि कार्यस्थल पर महिलाएं सुरक्षित और खुशहाल माहौल में काम कर सकें, इसके लिए नवी मुंबई मनपा सतर्क है. विशाखा समिति निडर और सक्षम होकर काम करे, ऐसे निर्देश मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने अपने मातहत अधिकारियों को दिए है।

# टीचर्स डे पर नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

उल्हासनगर (नि.स.)। टीचर्स डे के अवसर पर गुरुवार 5 सितंबर को मुंबई विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खुशी और उत्साह से भरी गतिविधियाँ शामिल थीं। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जैसे कि खेल, नृत्य और गायन, जिससे पुरे कैंपस में आनंदित माहौल बन गया। उक्त समारोह की खास बात थी कि सभी प्रतिभागियों के बीच की एकता जहां छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति गहरी सराहना व्यक्त की, जो उनके अकादमिक और व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मजेदार गतिविधियों ने इस दिन को सभी के लिए आनंदमय बना दिया। नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ नीलीमा चंदीरामानी ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए जनजागरूकता पर लघु फिल्म का प्रदर्शन

पनवेल (सनी पांडेय)। मनपा क्षेत्राधिकार में पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव को पिछले साल की तरह इस साल भी बढ़ावा देने के लिए आयुक्त एवं प्रशासक मंगेश चितले के मार्गदर्शन में माझी वसुन्धरा 4.0 के तहत 'बप्पा मेरा पर्यावरण का राजा' अभियान चलाया गया है. इस अभियान के तहत पिछले कुछ दिनों से केएलई कॉलेज कलंबोली, पिल्लई आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज न्यू पनवेल, एमएनआर इंटरनेशनल स्कूल कामोठे में पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए जागरूकता लघु फिल्में प्रसारित की गईं।

पनवेल मनपा ने नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त त्योहार, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति के बजाय शाडू या लाल मिट्टी की मूर्ति की पूजा करने और पर्यावरण-अनुकूल त्योहार के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष लघु फिल्म तैयार की है. इस लघु फिल्म के माध्यम से मनपा स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को पर्यावरण-अनुकूल त्योहार के महत्व के बारे में बताया जा रहा है. बताते चले कि मनपा की ओर से पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाने पर जोर दिया जा रहा है. इसके क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त डॉ. वैभव विभाते के सुझाव के अनुसार, पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए हाल ही में केएलई कॉलेज, पिल्लई कला, वाणिज्य और विज्ञान कॉलेज नवीन पनवेल, एमएनआर इंटरनेशनल स्कूल कामोठे में जागरूकता लघु फिल्म का प्रसारण आयोजित किया गया था।

# टूर पैकेज के नाम पर हजारों की धोखाधड़ी

अंबरनाथ (नि.सं.)। बाली के टूर पैकेज के नाम पर एक व्यक्ति के खाते से गूगल पे के द्वारा दो आरोपियों ने हजारों रुपए निकाल लिये। अंबरनाथ पूर्व कनसाई सेक्शन के साई नील गोविंद अपार्टमेंट के निवासी पराग प्रमोद म्हात्रे ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि कनसाई के ही निवासी स्वप्निल भालेराव तथा कपिल भालेराव ने 3 जून से 11 जून के बीच बाली जाने का पैकेज 1 लाख 35 हजार रुपए में तय किया था और इसके लिए दोनों आरोपियों ने अपनी मां के गूगल पे एकाउंट में 90 हजार रुपए ले लिए लेकिन बाली से मुंबई वापस आने का टिकट रद्द करके पैसे की धोखाधड़ी की। शिवाजी नगर पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है।

महाराष्ट्र शासन

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योजनादूत

माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालयामार्फत मुख्यमंत्री योजनादूत उपक्रम राबवण्यात येत आहे. त्याअंतर्गत राज्यात ५० हजार योजनादुतांची निवड करून त्यांना सहा महिन्यासाठी दरमहा १० हजार रुपये मानधन दिले जाणार आहे. मुख्यमंत्री योजनादूत शासनाच्या लोककल्याणकारी योजनांची माहिती नागरिकांना देतील.

उमेदवारांनी ऑनलाईन अर्ज करण्यासाठी
www.mahayojanadoot.org या संकेतस्थळाला भेट द्यावी

मुख्यमंत्री योजनादूत

उमेदवार पात्रतेचे निकष
- वय १८ ते ३५ वर्षे
- फोणत्याही शाखेचा पदवीधर व संगणक ज्ञान आवश्यक
- महाराष्ट्राचा अधिवासी असणे आवश्यक
- बँक खाते आधार क्रमांक संलग्न आवश्यक

निवडीसाठी कागदपत्रे
- विहित नमुन्यातील ऑनलाईन अर्ज
- आधारकार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, पदवी प्रमाणपत्र
- रहिवासी दाखला (सक्षम यंत्रणेच्या सही शिक्क्यासह)
- वैयक्तिक बँक खात्याचा तपशिल

नोंदणी कालावधी : दि. ७ ते १३ सप्टेंबर, २०२४



योजनेच्या नोंदणीसाठी येथे स्कॅन करा

एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री | देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री | अजित पवार उपमुख्यमंत्री | मंगल प्रभात लोढा मंत्री, कौशल्य,रोजगार,उद्योजकता व नाविन्यता विभाग

www.mahasamvad.in MaharashtraDGIPR MahaDGIPR | माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

क्रमांक मावज/मुख्यमंत्री योजनादूत/२०२४-२५/का-५/३९३, माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, मंत्रालय, मुंबई-४०००३२, दि. ०६/०९/२०२४


# भिवंडी-ठाणे बाइपास रोड पर दिनदहाड़े बाइक सवार लुटेरों ने ट्रक चालक को लूटा

भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी-ठाणे बाईपास रोड पर लूटपाट एवं राहजनी की घटनाएं बढ़ गई है। दोपहर करीब दो बजे दो अज्ञात लोगों ने एक ट्रक के सामने अपनी बाइक खड़ी करके ट्रक चालक को धमकी देकर उसके पास से 20 हजार रुपए नकद एवं मोबाइल फोन पर गूगल पे के माध्यम से 20 हजार रुपए सहित कुल 40 हजार रुपए लूट लिये।

पुलिस के मुताविक, भिवंडी-ठाणे बाईपास रोड पर ट्रक चालक मोहम्मद जुबैर शेख अपनी ट्रक लेकर मुंबई की ओर जा रहा था, उसी समय मानकोली स्थित अरुण खदान के पास दो व्यक्ति आए और ट्रक के सामने दोपहिया वाहन खड़ा करके ट्रक रोक दिया। बाइक सवार दोनों लोगों ने ट्रक के क्लीनर सलाउद्दीन और चालक मोहम्मद जुबैर शेख से गालीगलौज करते हुए मारपीट कर चालक की जेब से 20 हजार रुपए दिन दहाड़े लूट लिये. इसके बाद दोनों लोगों ने चालक को पीटकर उसके मोबाइल फोन से गूगल पे के माध्यम से जबरन 20 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिये. 40 हजार रुपए लूटने के बाद दोनों लोग ट्रक चालक एवं क्लीनर को धमकी देकर फरार हो गए. ट्रक चालक की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में दोनों अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नेरुल विभाग कार्यालय का मनमाना कारोबार
# मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए परिजन परेशान!

नवी मुंबई (नि.सं.)। मनपा के नेरुल विभाग कार्यालय मृत्यु प्रमाण पत्र दिये जाने में देरी के संबंध में एनसीपी के शरद पवार गुट के नवी मुंबई जिला उपाध्यक्ष महादेव पवार ने मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे से चर्चा कर उन्हें एक लिखित निवेदन सौंपकर समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

बताते चलें कि नवीमुंबई मनपा के नेरुल विभाग कार्यालय में मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर असमंजस की स्थिति है. जिसके कारण मृतकों के परिजनो को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है. मृत व्यक्ति के परिजन एंव घर के सदस्य पहले से ही शोक में डूबे होते हैं. ऐसे में मृतक के बाद सरकारी कामकाज और अन्य लेन-देन के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र बेहद जरूरी होता है. लेकिन नेरुल विभाग कार्यालय में मृत्यु के दो महीने बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है. घर पर पति की मृत्यु के बाद मृतक द्वारा ली गयी सरकारी और निजी सेवाओं का लाभ पाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र जरूरी होता है. महिलाएं अपने पति की मौत के गम में होती है. लेकिन विभाग के अधिकारी दो माह से कार्यालय के चक्कर कटवाकर उन्हें परेशान कर रहे हैं. ऐसे कई उदाहरण हैं. इस गंभीर लापरवाही को लेकर एनसीपी नेता महादेव पवार ने मनपा आयुक्त से इस प्रकार के मामलों की जांच कर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के साथ ही तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

# सेंधमारी करने वाला चोर गिरफ्तार, 9.50 लाख रुपए का सामान बरामद

भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी-कल्याण रोड स्थित कोनगांव में चोरी की जांच करते हुए कोनगांव पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से मुंबई स्थित मानखुर्द से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. कोनगांव पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सुशील सकपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के पास से 9.50 लाख रुपए मूल्य का 18 तोला सोने के जेवर और 2 लाख नकद जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को कोनगांव के धर्मनिवास स्थित जय साई सोसायटी की बिल्डिंग से दिनदहाड़े किसी अज्ञात व्यक्ति ने सेंधमारी करके 7.50 लाख रुपए कीमत का 18 तोला सोना और दो लाख रुपए नगद चोरी कर लिया था, जिसकी शिकायत कोनगांव पुलिस ने दर्ज कर ली थी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नेताराम म्हस्के के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक वैभव चुंबले के नेतृत्व में अरविंद गोरले, मधुकर घोडसरे, नरेंद्र पाटील, राहुल वाकसे, रमाकांत सालुंखे, अच्युत गायकवाड़, हेमंत खडसरे एवं हेमराज पाटील की टीम ने जब कोनगांव इलाके में सीसीटीवी कैमरे की जांच शुरू की तो उन्हें एक संदिग्ध नजर आया।

पुलिस टीम ने जब उस संदिग्ध का पता लगाने के लिए 80 सीसीटीवी कैमरे को चेक किये, तो संदिग्ध व्यक्ति के मानखुर्द इलाके में रहने का सुराग मिला, जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी इम्तियाज शेख (34) को गिरफ्तार कर लिया. उसने अपराध कबूल कर लिया. पुलिस ने उसके पास से चोरी किया गया सारा सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस निरीक्षक सुशील सकपाल ने जानकारी दी है कि इम्तियाज शेख ऑन रिकॉर्ड अपराधी है. उसके खिलाफ मुंबई के चार पुलिस स्टेशनों में अपराधिक मामले मामले दर्ज हैं।

# काल्हेर में 72 हजार के आभूषण की चोरी

भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी तालुका के काल्हेर में दिन दहाड़े एक इमारत में बंद पड़े फ्लैट का दरवाजा खोलकर अज्ञात चोर अंदर घुस गए और घर के अंदर से लगभग 72 हजार रुपए के जेवर की चोरी करके फरार हो गए. पुलिस के अनुसार काल्हेर स्थित माधवराव अपार्टमेंट में रहने वाले भीमराज वाढवणे कहीं बाहर गए थे, जिसके कारण उनका फ्लैट बंद था. लेकिन अज्ञात चोरों ने उनके बंद फ्लैट का दरवाजा दिन दहाड़े खोलकर 70 हजार रुपए के जेवर की चोरी कर ली. उनकी शिकायत पर नारपोली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# सुरक्षा के साथ गणेशोत्सव मनाने की अपील

भिवंडी (नि.सं.)। पुलिस उपायुक्त डॉ. श्रीकांत परोपकारी ने कहा कि गणेशोत्सव मनाते समय, उत्सव मंडलों को गणेश मूर्ति की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए और जुलूस में डीजे जैसे उपकरणों की तेज आवाज से भी बचना चाहिए, क्योंकि तेज आवाज में डीजे जैसे उपकरणों को बजाने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। उन्होंने उत्सव मंडलों से धार्मिक और लोक कल्याण कार्यक्रम आयोजित करके इस त्योहार को मनाने की अपील की. श्री परोपकारी गणेशोत्सव की पृष्ठभूमि पर पुलिस द्वारा आयोजित बैठक में बोल रहे थे. इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले, दीपक देशमुख, मनपा उपायुक्त नयना ससाने, सार्वजनिक गणेशोत्सव महामंडल के अध्यक्ष मदन भोई, मनपा के सिटी इंजीनियर सचिन नाइक सहित भारी संख्या में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

उक्त अवसर पर पुलिस उपायुक्त डॉ. परोपकारी ने कहा कि आज 7 सितंबर से सार्वजनिक गणेशोत्सव शुरू हो रहा है, जिसके लिए भिवंडी उत्सव मंडलों की ओर से गणेश प्रतिमाएं लाकर मंडप में स्थापित कर दी गई हैं. शहर की खराब और गड्ढों वाली सड़कों से गणेश प्रतिमा लाते समय तथा हर जगह गंदगी होने के कारण गणेश मंडल मंडलों के प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक संदेश प्रकाशित किए जाते हैं. इसलिए नागरिकों को उस पर विश्वास किए बिना तुंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। पुलिस उपायुक्त डॉ. परोपकारी ने गणेश भक्तों से अपील करते हुए कहा कि यह उत्सव हम सबका है, इसलिए गणेशोत्सव पर्व एवं जुलूस को आपसी सहयोग से शांतिपूर्वक एवं कानून व्यवस्था का ध्यान रखते हुए सम्पन्न कराया जाना चाहिए।

मनपा उपायुक्त नयना सासाने ने कहा कि सड़कों की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है. उन्होंने उत्सव मंडलों के पदाधिकारियों को यह भी आश्वासन दिया कि गणेशोत्सव के दौरान सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसके लिए मनपा द्वारा सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष अव्हाड ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहायक आयुक्त सचिन सांगले ने किया।

## उल्हासनगर महानगरपालिका

पर्यावरण विभाग
दिनांक:- ०५/०९/२०२४

### जाहीर आवाहन

महाराष्ट्र शासनाच्या पर्यावरण विभागाकडून सणांचे पर्यावरणपुरक साजरीकरण करणेच्या अनुषंगाने नागरिकांमध्ये जनजागृती करण्याबाबत निर्देश प्राप्त झाले आहेत.

उल्हासनगर शहरातील नागरीकांना तसेच सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडळांना आवाहन करण्यात येते की, दिनांक ०७/०९/२०२४ ते दिनांक १७/०९/२०२४ या कालावधीत साजरा होणाऱ्या गणेशोत्सवाच्या दरम्यान जे सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडळ कल्याण येथील गणेश घाटात गणेश मुर्ती विसर्जन करणार आहेत, त्यांनी गणेश विर्सजनादिवशी दुपारी ४.०० वाजेपासुन विसर्जनाची मिरवणुक सुरू केल्यास मिरवणुकी दरम्यान होणाऱ्या ध्वनी प्रदुषणामुळे शहरातील ज्येष्ठ नागरिक, मानसिक रूग्ण, दिव्यांग बांधव, विद्यार्थी यांना होणारा त्रास कमी होईल तसेच कायदा व सुव्यवस्थेचा प्रश्न निर्माण होणार नाही.

सही/-
(विकास ढाकणे)
आयुक्त तथा प्रशासक
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र.उमपा/पिआरओ/३४७/२०२४
दिनांक: ०६/०९/२०२४